Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding laying of new railway line between Mungeli and Dangargarh in Chhattisgarh.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरा मुंगेली क्षेत्र अमरूद यानी बिही के लिए बड़ा मशहूर क्षेत्र है । यह क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है । ब्रिटिश शासन के समय क्षेत्र में रेलवे लाइन का काम प्रारंभ हुआ था, परंतु ब्रिटिश शासन के अंत के साथ ही वह परियोजना ठप्प हो गई थी । बाद में देश के यशश्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और तत्कालीन मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार का संयुक्त उप्रकम बना कर रेलवे का काम प्रारंभ किया गया । लेकिन पिछले एक साल से उस काम में कोई प्रगति नहीं दिख रही है । क्षेत्र की जनता परेशान है । यह क्षेत्र की जनता की बहुप्रतिक्षित मांग है । मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूँ कि उक्त योजना के काम में तेज़ी लाएं, ताकि जनता को रेल सेवा का लाभ मिल सके ।